**REVIEW OF PERFORMANCE OF THE CENTRE FOR RAILWAY INFORMATION SYSTEMS (CRIS) BY THE MINISTRY OF RAILWAYS FOR THE YEAR 2018-19.**

The Centre for Railway Information System (CRIS) was constituted by the Ministry of Railways on 01.07.1986 as an autonomous body for computerisation activities on Indian Railways. Over the years, CRIS has taken up projects pertaining to all aspects of Railway working.

In the year 2018-19, thrust was given to developing features for improving passenger experience, better train operation, implementation of new applications and improvements in existing applications, development of mobile Apps, Use of Analytics and Artificial intelligence introduction of Cloud technologies and Application integration.

In order to improve passenger experience, various customer-friendly measures were taken which includes New User Interface of NGeT (Next Generation E-ticketing) Application which gives graphical representation of the train coaches and berth-wise accommodation status. It inter alia, provides for Public Viewing of Train Charts and Vacant Berths over internet. HHTs for TTEs were deployed for charting and other ticketing checking activities on all 51 pairs of Rajdhani and Shatabdi trains. Printing of Unreserved tickets in Tamil, Malayalam, Marathi, Gujarati and Malayalam languages was started.

For better train operation, implementation of Real Time Train Information System (RTIS) Phase-I was in progress. RTIS device installed in the locomotives detects position and speed of the train. Electronic Transmission of Railway Receipt (eT-RR) was implemented at Kiratpur Goods shed and Bharatgarh station of Ambala Division in April 2018, and was rolled out subsequently to other locations. A Coaching Census was held across IR in August 2018. Crew Management System (CMS) Version 6.0.1 was released on 26.04.2019 with 64 new functionalities, and Version 6.2 of the CMS was released with 75 new functionalities on 31.07.2018. Train Signal Registers (TSR) Application was implemented across most of the Indian Railways. GIS mapping of IR assets is under implementation.

In order to provide a comprehensive view of Railway working to top management of the Railways and the general public, the e-Drishti/Rail Drishti dashboard was launched with a wide range of statistics and features. The entire Indian Railways were covered under the 'UTS on Mobile' app and inter-zone mobile ticketing was implemented across the country. Integration between FOIS (Freight Operations Information System) and TAMS (Traffic Accounts Management System) was implemented on 14.02.2019. The work involves sharing of FOIS generated RR details in TAMS through web based data service,

The accounts of CRIS for the year 2018-19 have been audited by the office of Comptroller and Auditor General of India.

------

**वर्ष 2018-19 के लिए रेल मंत्रालय द्वारा रेलवे सूचना प्रणाली केन्द्र (क्रिस) के निष्पादन की समीक्षा**

भारतीय रेल में कम्प्यूटीकरण संबंधी कार्यों के लिए एक स्वायत्त निकाय के रूप में 01.07.1986 को रेल मंत्रालय द्वारा रेलवे सूचना प्रणाली केन्द्र (क्रिस) का गठन किया गया था। विगत वर्षों में क्रिस ने रेलवे के सभी पहलुओं से संबंधित परियोजनाओं का कार्य आरंभ किया है।

वर्ष 2018-19 में यात्री अनुभव को बेहतर बनाने, बेहतर गाड़ी परिचालन, नए अनुप्रयोगों की शुरुआत करने और मौजूदा अनुप्रयोगों में सुधार करने, मोबाइल ऐप का विकास, विश्लेषण संबंधी उपयोग और क्लाऊड प्रौद्योगिकियों और अनुप्रयोग एकीकरण की शुरुआत करके अप्राकृतिक आसूचना के लिए सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया गया था।

यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए, विभिन्न प्रकार के ग्राहक अनुकूल उपाय किए गए थे, जिसमें एनजीईटी (नेक्स्ट जेनरेशन ई-टिकटिंग) अनुप्रयोग के न्यू यूजर इंटरफेस शामिल है, जो कि गाड़ी के सवारी डिब्बों और शायिका वार एकमोडेशन की स्थिति को भौगोलिक प्रतिरूप प्रदान करता है। यह अन्य बातों के साथ-साथ इंटरनेट पर जन सूचना के लिए ट्रेन चार्टों और खाली शायिकाओं को प्रदर्शित करता है। सभी 51 जोड़ी राजधानी और शताब्दी गाड़ियों में चार्टिंग और अन्य टिकट जांच गतिविधियों के लिए टीटीई के लिए एचएचटी की तैनाती की गई थी। तमिल, मलयालम, मराठी, गुजराती और मलयालम भाषाओं में अनारक्षित टिकटों का मुद्रण प्रारंभ हो गया है।

बेहतर गाड़ी परिचालन के लिए वास्तविक समय गाड़ी सूचना प्रणाली आरटीआईएस चरण-I की शुरुआत की गई थी। आरटीआईएस उपकरण को गाड़ी की स्थिति और गति का पता लगाने के लिए इंजनों में संस्थापित किया गया है। अप्रैल, 2018 में अंबाला मंडल के कीरतपुर और भरतगढ़ स्टेशनों पर रेलवे रसीद के इलैक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन की शुरुआत की गई थी और बाद में अन्य स्थानों पर भी लागू किया गया था। अगस्त, 2018 में संपूर्ण भारतीय रेल में कोचिंग गणना की गई थी। 26.04.2019 को 64 नए कार्यात्मकताओं सहित कर्मीदल प्रबंधन प्रणाली (सीएमएस) संस्करण 6.0.1 और 31.07.2018 को 75 नए कार्यात्मकताओं सहित सीएमएस के संस्करण 6.2 जारी किया गया था। अधिकांश भारतीय रेलों में गाड़ी सिगनल रजिस्टर (टीएसआर) अनुप्रयोग का कार्यान्वयन कर दिया गया है। भारतीय रेल की परिसंपतियों की जीआईएस मैपिंग को लागू करने की प्रक्रिया चल रही है। रेलों के शीर्ष प्रबंधन और आम जनता के लिए रेलवे कार्य संचालन के व्यापक दृष्टिकोण के मद्देनजर वृहद क्षेत्र वाले सांख्यिकी और विशेषताओं वाले ई दृष्टि/रेल दृष्टि डैशबोर्ड को लागू किया गया था। 'मोबाइल पर यूटीएस' ऐप के तहत संपूर्ण भारतीय रेल को शामिल किया गया है। देशभर में इंटर-जोन मोबाइल टिकट प्रणाली को लागू कर दिया गया था। एफओआईएस (माल यातायात परिचालन सूचना प्रणाली) और टीएएमएस (यातायात लेखा प्रबंधन प्रणाली) के बीच समेकन 14.02.2019 को लागू कर दिया गया था। इस कार्य में वेब आधारित डाटा सेवा के माध्यम से टीएएमएस में सृजित आरआर संबंधी ब्यौरे में एफओआईएस की भागीदारी शामिल है।

वर्ष 2018-19 के लिए भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय द्वारा क्रिस के लेखों की लेखा परीक्षा कर दी गई है।

-----

**Statement giving reasons for delay in laying of Annual Report and Audited Accounts for the Centre for Railway Information Systems (CRIS) for the year 2018-19**

The Annual Report and the Receipts and Payments Accounts of CRIS for the year 2018-19 were closed and made available to the Principal Director of Audit, Northern Railway on 04.06.2019. Audit of Accounts commenced on 24.06.2019 and completed on 29.08.2019. Draft Audit Reports were issued to CRIS on 27.09.2019.. Replies were sent to Audit on 15.10.2019. The Audit Certificate dated 25.11.2019 was received on 26.11.2019. The Audited Accounts along with the Annual Report for the year 2018-19 was approved by the Executive Committee through circulation of papers on 27.12.2019 and by the Governing Council of CRIS through circulation of papers on 17.03.2020. Accordingly, the Annual Report and Audited Accounts for the year 2018-19 is being placed on the Table of both the Houses of Parliament during the ensuing Session.

------

**वर्ष 2018-19 के लिए रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र के लिए वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित खातों को तैयार करने में देरी के संबंध में विवरण**

वर्ष 2018-19 के लिए क्रिस की वार्षिक रिपोर्ट और प्राप्तियां और भुगतान खाते बंद कर दिए गए और 04.06.2019 को लेखा परीक्षा के प्रधान निदेशक, उत्तर रेलवे को उपलब्ध कराए गए। खातों की लेखा परीक्षा 24.06.2019 को शुरू हुई और 29.08.2019 को पूरी हुई। 27.09.2019 को लेखा परीक्षा रिपोर्ट्स के प्रारूप क्रिस को जारी किए गए। 15.10.2019 को लेखा परीक्षा को उत्तर भेजे गए थे। दिनांक 25.11.2019 का लेखा परीक्षा प्रमाण पत्र 26.11.2019 को प्राप्त हुआ। वर्ष 2018-19 के लिए वार्षिक रिपोर्ट के साथ-साथ लेखा परीक्षित खातों को कार्यकारी समिति द्वारा 27.12.2019 को कागजात के परिपत्रण के माध्यम से और क्रिस की नियंत्रक परिषद् द्वारा 17.03.2020 को कागजात के परिपत्रण के माध्यम से अनुमोदित किया गया था। तदनुसार, वर्ष 2018-19 के लिए वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित खातों को आगामी सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों के सभापटल पर रखे जा रहे हैं।

----